यूटीयू में दाखिले के लिए आखिरी मौका

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विवि में नया सत्र शुरू होने के साथ प्रवेश का आखिरी मौका बचा है। यहां अंतिम चरण की काउंसलिंग 24 अगस्त को होगी।

कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने बताया कि सत्र तय समय पर शुरू कर दिया गया है। प्रवेश के लिए पांच चरण की काउंसलिंग हो चुकी है और आखिरी चरण की बाकी है। इस सत्र में कम्प्यूटर साइंस की मांग को देखते हुए उत्तराखंड के मेधावियों के लिए अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। दून कैंपस में पहली बार बीटेक-कंप्यूटर साइंस और साइबर सुरक्षा का कोर्स शुरू किया गया है, ज़िसकी अधिकांश सीटें भर गई हैं, कुछ बची सीटों पर काउंसलिंग 24 को होगी।